**Nai Dunia (Indore), 17th July 2023, Nai Dunia City, Page – I**

# नई उम्र के 'ताजा सपनों' को विशेषज्ञों के अनुभव से जोड़ा




कार्यक्रम में ब्रोशर का विमोचन करते अतिथि। • नईदुनिया

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के टेक्नोलाजी इनोवेशन हब आइआइटीआइ दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन ने रविवार को स्टेकहोल्डर एंगेजमेंट इन टेक्नोलाजी अपग्रेडेशन (सेतु) कार्यक्रम का आयोजन किया। यह अवसर था, जहां 21 स्टार्टअप और शोधार्थियों को उनके क्षेत्र के अनुभवी लोगों से मिलाया गया। इस अवसर पर उन्हें नई तकनीक और रिसर्च के बारे में बताया गया। सेतु का उद्देश्य है कि तकनीक और रिसर्च को किताबों तक सीमित न रखकर उसका उपयोग किया जाए। इसके चलते स्वास्थ्य, स्मार्ट सिटी, एग्रीटेक और उत्पादन से जुड़ी तकनीक और रिसर्च को उसके उपयोगकर्ता, इंडस्ट्रीज और सरकार से मिलाया जाए।

**आइआइटी दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन ने 21 स्टार्टअप और शोधार्थियों को उनके क्षेत्र के अनुभवी लोगों से मिलवाया**

मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद इंफोसिस के सह-संस्थापक पद्मश्री सेनापति क्रिश गोपालकृष्णन ने कहा कि भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य में अग्रणी के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए एनएमआइसीपीएस की दृष्टि को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमें तकनीक और रिसर्च के व्यवसायीकरण को बढ़ावा देना चाहिए। सेतु इसी दिशा में तकनीक व रिसर्च को उनके उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने के लिए ब्रिज के तौर पर काम कर रहा है। इस पहल से देश में कई नई तरह की तकनीक और रिसर्च का लाभ उठाया जा सकेगा। इस कार्यक्रम में आइआइटी इंदौर में बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष पद्मश्री प्रोफेसर दीपक फाटक और उपस्थित थे। इसके अलावा आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास